# मोहयाल मित्र

सर्वे भवंतु सुखिनः। सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभागभवेत्ः।।

## 'सत्य रेकी मोहयाल सभा हीलिंग कैंप' खन्ना

सत्य रेकी ध्यान केन्द्र खन्ना आश्रम में शही की मोहयाल सभा के लिए एक रेकी हीलिंग कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मोहयाल सभा खन्ना के अध्यक्ष व सुपर मिल्क के मालिक श्री विनोद दत्त एवं उनकी धर्मपत्नी संगीता दत्त, सीए राजीव दत्ता जी व उनकी धर्मपत्नी, श्री शशि दत्ता, एडवोकेट राजीव राज मेहता, श्री गोपी चंद व रवि दत्त बाली जी ने विशेष रूप में शिरकत की। इस अवसर पर सभा के सदस्यों की ध्यान कि विभिन्न विधियों द्वारा निःशुल्क हीलिंग की गई, जिसमें advance astral cleaning, crystal healing व अन्य ध्यान विधियों से हीलिंग की गई, जिससे आने वाले सदस्यों को शारीरिक व मानसिक लाभ प्राप्त हुआ।

कैंप के दौरान मास्टर हीलर टीना दत्ता व रेकी मास्टर पायल खोसला ने सभा को सम्बोधित किया। इस अवसर पर रेकी गुरु स्वामी श्री नानक मेहता ने कहा कि सब लोग बीमारी से मुक्त रहने के लिए इस सेवा का निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने सभी सभाओं को भी रेकी और ध्यान की विधियों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। यह जिक्र योग है कि सत्य गुरु का जन्म भी मोहयाल परिवार में ही हुआ था।

इस अवसर पर रेकी मास्टरस– मधु खुल्लर, जसमिंदर सेतिया, पायल खोसला व सीमा मेनरौ ने आए हुए सदस्यों की विशेष विधि द्वारा क्लीनिंग की व बाद में सब हीलिरस ने ऊर्जा प्रदान की।

इस कैंप का आयोजन का श्रम विशेष रूप से मास्टर हीलर आशिष दत्ता व उनकी धर्मपत्नी मास्टर हीलर टीना दत्ता ने मोहयाल परिवारों के लिए किया। उनका मानना है कि अगर एक मोहयाल का कायदा हुआ है तो उसे सारे मोहयालों तक पहुँचाना चाहिए। यह इस विद्या से काफी समय से जुड़े हैं और अब इस विद्या को मोहयाल परिवारों तक पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं।

अगर आप अपने शहर कि मोहयाल सभा में ऐसा ही एक निःशुल्क रेकी कैंप लगवाना चाहते हैं तो आप सम्पर्क कर सकते हैं– श्री आशीष दत्ता, मो. 9872406999 – श्रीमती टीना दत्ता, मो. 9872100138

## विद्यार्थियों को बधाई

विभिन्न कक्षाओं की परीक्षाओं के परिणाम आ गए हैं। जनरल मोहयाल सभा की ओर से नई कक्षाओं में पहुँचे सभी विद्यार्थियों को बधाई!

दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम भी आ गए हैं। इनमें सफल हुए विद्यार्थियों को बधाई।

जनरल मोहयाल सभा की ओर से दसवीं और बारहवीं कक्षा में 85 प्रतिशत और अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को 'प्रतिभाशाली मोहयाल विद्यार्थी सम्मान' से सम्मानित और पुरस्कृत किया जाता है। जुलाई के 'मोहयाल मित्र' में फ़ार्म प्रकाशित किया जाएगा।

जनरल मोहयाल सभा सन् 2003 से विद्यार्थियों को सम्मानित करती आ रही है।



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# स्थानीय मोहयाल सभाओं की गतिविधियाँ

## फरीदाबाद

मोहयाल सभा फरीदाबाद की मासिक बैठक 6 मई 2018 को मोहयाल भवन में प्रधान श्री रमेश दत्ता जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें 30 मोहयाल भाई–बहनों ने भाग लिया। मोहयाल प्रार्थना के उपरान्त–

रायज़ादा के.एस. बाली जी ने पिछले माह की रिपोर्ट पढ़ कर सुनाई। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल को फरीदाबाद मोहयाल सभा की क्रिकेट टीम का मैच मोहयाल सभा वेस्ट ज़ोन नई दिल्ली के साथ खेला गया, जिसमें फरीदाबाद की टीम विजयी रही। वेस्ट ज़ोन के खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया व खूब वाह वाही लूटी, दर्शकों ने भी खूब आनंद लिया। इस अवसर पर जीएमएस नई दिल्ली की ओर से श्री योगेश मेहता, श्री के.जी. मोहन, श्रीमती सुनीता व श्रीमती नीलिमा मेहता भी उपस्थित थे। विजयी टीम व रनर–टीम को ट्रॉपी से सम्मानित किया गया साथ ही 'बेस्ट बेट्समैन' व 'बेस्ट बॉलर' को फरीदाबाद मोहयाल सभा की ओर से 1100–1100 रुपए की पुरस्कार राशि दी गई व सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया।

श्री नागेंद्र दत्ता जी ने सभी उपस्थितजनों को बताया कि प्रधान श्री रमेश दत्ता जी ने "परशुराम जी" की मूर्ति/फोटो मोहयाल सभा में भेंट की है जो उन्हें मोहयाल सभा यमुनापार नई दिल्ली ने मोहयाल मेले पर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई थी। उन्होंने सभी को परशुराम जयंती जो कि 18 अप्रैल को थी, की बधाई देते हुए बताया कि परशुराम जी ने 21 वर्षों में 20 बार पृथ्वी से दानवों का नाश किया।

इस मौके पर श्री मिथलेश दत्ता जी ने निम्न राशि एकत्र की 500–500 रुपए श्री जगमोहन छिब्बर व श्री आर.सी. दत्ता ने सहयोग राशि के रूप में दिए।

श्री मिथलेश ने बताया कि सत्र 2017–18 के लेखों का हिसाब तैयार है व सभा जब चाहे ऑडिट करवा सकती थी।

श्री रमेश दत्ता जी ने कहा कि श्री सुनील बक्शी जी व श्री अजय दत्ता जी से समय निकाल कर हम एकाउंट की ऑडिट करवा लेंगे। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल को श्री मिथलेश दत्ता जी का जन्मदिन था व आज के खाने की व्यवस्था श्री मिथलेश दत्ता जी की ओर से की गई है। उन्होंने अपनी व सभी की ओर से उनकी व उनकी पत्नी श्रीमती उषा दत्ता की दीर्घायु की कामना की। सभी ने उनको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर श्रीमती गायत्री छिब्बर, आशु वैद व श्रीमती मनु वैद ने सुंदर भजन व गीत सुनाए।

श्री रमेश दत्ता जी ने बताया कि 13 मई को 'मानव रचना यूनिवर्सिटी' में डॉ. महिमा बक्शी जी द्वारा लिखित स्त्री रोग विशेषज्ञ पुस्तक जिसका विमोचन 2017 में भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. प्रणव मुखर्जी द्वारा किया जाएगा, आप सभी वहाँ सादर आमंत्रित हैं।

प्रत्येक वर्ष की भाँति जून की मासिक बैठक नहीं होगी। अगली मीटिंग 1 जुलाई 2018 को भवन में होगी। सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया और इसी के साथ मई माह की बैठक सम्पन्न हुई।

***रमेश दत्ता,*** *प्रधान* — *मो. 9212557095*
***रायज़ादा के.एस. बाली,*** *महासचिव* — *मो. 9899068573*

## जगाधरी वर्कशॉप

मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशॉप की मासिक बैठक 6 मई को प्रधान सतपाल दत्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम मोहयाल प्रार्थना की गई। श्री बी.डी. बाली द्वारा जी.एस.एस की ओर से महिला विंग की सचिव सुनीता मेहता को यमुनानगर व जगाधरी वर्कशाप मोहयाल सभा में भेजने पर उनका धन्यवाद किया गया। सुनीता मेहता दोपहर बाद प्रधान जी के निवास स्थान पर पहुँची जहाँ उन्होंने क्षेत्र की विधवाओं से बातचीत की और उन सभी की जरूरतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने विश्वास दिलाया कि श्री बी.डी. बाली जी मार्गदर्शन से उनकी सभी तरह की समस्याओं को दूर करके उनकी जो संभव हो सके आर्थिक सहायता की जाएगी।

सभी सदस्यों ने मीटिंग में अपने विचार रखें और प्रधान जी ने कहा कि जिस सदस्य ने अभी तक सदस्यताशिप नहीं आई है वह सदस्यताशिप जमा करा दें।

अगली बैठक जंजघर में संपन्न होगी।

***सुरेंद्र मेहता छिब्बर,*** *महासचिव*
*मो. 9355310880*

## अलवर

आज दिनांक 6 मई रविवार के दिन मोहयाल बिरादरी जिला अलवर की कार्यकारिणी मीटिंग कोषाध्यक्ष श्री गिर्राज बाली जी के निवास स्थान एम.आई.जी फ्लैट ट्रांसपोर्ट नगर जिला अलवर में रखी गई, जिसमें बच्चों सहित लगभग 21 लोगों की हाजिरी दर्ज की गई मीटिंग की अध्यक्षता संरक्षक श्री रोशनलाल बक्शी एवं डॉक्टर दलजीत सिंह बाली की अगुवाई में की गई जिसमें पदाधिकारीगण जिला अध्यक्ष राजीव बक्शी, जिला महासचिव राजेश कुमार दत्ता, कोषाध्यक्ष गिर्राज बाली सीनियर उप जिलाध्यक्ष डॉ. दलजीत सिंह बाली, उप जिलाध्यक्ष विजय



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

दत्ता, प्रवक्ता एंड ऑडिटर एन.के. वैद, यूथ महिला सेक्रेटरी श्रीमती इंदु बाली धर्मपत्नी गिर्राज बाली, मोहित बाली, रोहित बाली, निखिल बाली, भरत बाली इत्यादि मेहमान और मेजबान शामिल हुए।

महासचिव राजेश कुमार दत्ता ने कार्यकारिणी के अंदर कुछ बिंदुओं पर चर्चा की–

(1) हमारी बिरादरी में शिक्षा के अंदर प्रतिभाशाली बच्चे जिनके अंक 80 प्रतिशत से अधिक आते हैं उनको प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए ताकि बिरादरी के बच्चों को मजबूती मिल सके।

(2) बिरादरी के लिए बिरादरी मोहयाल परिचय पत्र जारी किया जाना चाहिए ताकि बिरादरी को जीएमएस से संबंधित सुविधाओं का लाभ मिल सकें। साथ ही संगठन में मजबूती मिलेगी।

डॉ. दलजीत सिंह बाली ने अपने विचार रखे उन्होंने कहा अलवर बिरादरी के अंदर संविधान कानून बनाने की जरूरत है ताकि प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता बनी रहे साथ ही उन्होंने अपनी शादी की 30वीं वर्षगांठ 7 मई 2018 के शुभ अवसर पर 1100 रुपए दोनों सभाएं अलवर एवं जीएमएस को देने की घोषणा की समस्त कार्यकारिणी के लोगों ने शादी की वर्षगांठ के अवसर पर बहुत–बहुत बधाई दी।

उसके बाद संरक्षक श्री रोशनलाल बख्शी ने बिरादरी को मजबूत करने के लिए अपने विचार रखें साथ ही अपनी 50वीं शादी की वर्षगांठ के उपरांत सबको मिठाई से मुंह मीठा करवाया, उसके बाद अध्यक्ष राजीव बख्शी ने कोषा संबंधी मामले पर चर्चा एवं बिरादरी के इतिहास संबंधी बुकलेट वितरण की।

ऑडिटर एन.के. वैद ने कोषा संबंधी मामलों में अपने सुझाव दिया उन्होंने कहा किसी भी संस्था चलाने के लिए पैसे से ज्यादा ईमानदारी की जरूरत है उसके बाद चाय नाश्ता एवं मिठाई कोषाध्यक्ष गिर्राज बाली के द्वारा वितरण की गई। सभी सदस्यों ने कोषाध्यक्ष की धर्मपत्नी इंदु बाली का आभार प्रकट किया, जिन्होंने सारी व्यवस्था की जिम्मेदारी ली अपने व्यक्तिगत खर्च से कार्यक्रम को करवाया अंत में अध्यक्ष के द्वारा मीटिंग समाप्ति की घोषणा कर दी गई।

## नजफगढ़

मोहयाल सभा नजफगढ़ की मासिक बैठक 06.05.2018 को प्रधान श्री शेर जंग बाली की अध्यक्षता में श्री अनिल कुमार छिब्बर जी के निवास स्थान सिम्मी हाईट, आर जेड–15, सूदन गार्डन, नियर गुरूद्वारा नजफगढ़, नई दिल्ली में मोहयाल प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ आरम्भ हुई, जिसमें 18 भाई–बहनों ने भाग लिया। सभा के सचिव श्री हर्ष



दत्ता जी ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई, वित्त सचिव श्री बलदेव राज दत्ता जी ने लेखा–जोखा पेश किया, जिसका सब सदस्यों ने अनुमोदन किया।

सभी सदस्यों की सहमती से श्रीमती सिम्मी छिब्बर पत्नी श्री अनिल कुमार छिब्बर को नजफगढ़ मोहयाल सभा का उप–प्रधान नोमिनेट किया गया। सभी ने बढ़िया जलपान के लिए श्री अनिल छिब्बर जी को धन्यवाद दिया। मोहयाल सभा नजफगढ़ की अगली बैठक 3 जून 2018 को श्री हर्ष दत्ता, सचिव के निवास स्थान (दत्ता प्लाजा, 22 ओल्ड रोशनपुरा, नजफगढ़, नई दिल्ली–110043) में प्रातः 10 बजे होगी। सभी सदस्यों से उपस्थित होने का अनुरोध है।

***हर्ष दत्ता,*** *सचिव*
*मो. 9312174583*

## पानीपत

मोहयाल सभा पानीपत की मासिक बैठक 10 मई 2018 को श्रीमती ऊषा दत्ता जी के निवास स्थान पर श्रीमती भुवनेश कांता वैद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम मोहयाल प्रार्थना की गई, तत्पश्चात तीन बार गायत्री महामंत्र का उच्चारण किया गया।

श्रीमती ऊषा दत्ता जी की बेटी श्रीमती श्वेता वैद, दामाद श्री प्रदीप वैद, मास्टर शिविन वैद, गुडिया नंदनी वैद गुजरात से तथा श्रीमती गार्गी छिब्बर व मास्टर गौरांश छिब्बर फरीदाबाद से आए हुए थे। उनका परिचय सभी से कराया गया।

श्री ऋत मोहन जी ने जनरल मोहयाल सभा से संबंधित जानकारियाँ सदस्यों को दी गई। सदस्यों को बताया गया कि मैरिट संस्थान में कम्प्यूटर से सम्बंधित बहुत कोर्स हैं अतः मोहयाल बच्चे उसमें दाखिला ले सकते है, मोहयालों के लिए फीस में विशेष छूट है। जो सदस्य गर्मीयों की छुट्टियाँ में मोहयाल आश्रम हरिद्वार या वृंदावन में जाना चाहते हैं वो पहले बुकिंग करवा ले, क्योंकि बाद में कमरे उपलब्ध नहीं होते जिससे की असुविधा होती है।


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

श्रीमती भुवनेश कांता वैद ने राधा कृष्ण के भजनों द्वारा सबका मन मोह लिया। छोटे बच्चों विवान दत्ता, नंदिनी वैद, अनंता मेहता, गौरांश छिब्बर, शिविन वैद ने भी अपनी–अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की। सभी बच्चों को पारितोषिक भी दिए गया, ताकि उनका हौसला बढ़े। सदस्यों से अनुरोध किया गया कि बच्चों को मासिक मीटिंग में लाया करे ताकि उनको अपनी बिरादरी के बारे में पता चले।

अंत में शांति के साथ सभा की समाप्ति की गई। श्रीमती नेहा दत्ता, श्रीमती ऊषा दत्ता जी व श्री नितिन दत्ता को सभा के आयोजन के लिए धन्यवाद किया गया।

***नरेंद्र छिब्बर,*** *सचिव*
*मो. 9416412184*

## प्रेमनगर–देहरादून



मोहयाल सभा प्रेमनगर की मासिक बैठक 29.04.2018 को प्रधान श्री जी.पी. शर्मा (लौ) की अध्यक्षता में 12 सदस्यों ने भाग लिया। मोहयाल प्रार्थना के पश्चात बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गई।

श्री जे.एस. दत्ता, कोषाध्यक्ष ने जनरल मोहयाल की जनरल बॉडी मीटिंग की कार्यवाही मुख्य अंशों की विस्तृत जानकारी दी।

श्री डी.एन. दत्ता जी (प्रधान) देहरादून में न होने के कारण हमारे वरिष्ठ सदस्य श्री जी.पी. शर्मा (लौ) जी ने प्रधान पद का कार्य निभाया।

श्री जे.एस. दत्ता जी ने सुझाव दिया कि इस वर्ष मोहयाल मिलन, मोहयाल सभा प्रेमनगर द्वारा किया जाए जिसमें मोहयाल सभा देहरादून को भी प्रतिभागी बनाया जाए। सदस्य संख्या कम होने के कारण इस विषय पर अगली मीटिंग में विस्तृत विचार किया जाएगा।

श्री चेतन बाली जी ने सुझाव दिया कि मीटिंग में सदस्य संख्या बढ़ाई जाए इस विषय पर विचार करने का समय आ गया है।

श्री नीरु छिब्बर ने कहा कि जो सदस्य मीटिंग में नहीं आए अगली मीटिंग उन्हीं के घर पर रखी जाए। सुझाव का सभी ने स्वागत किया।

श्रीमती विद्यावन्ती बाली पत्नी स्व. श्री मंगलसेन बाली ने सभा के सदस्यों को आशीर्वाद दिया और कहा कि प्रत्येक सदस्यों के घर में मिला जाए ताकि सभा और मजबूत हो सके। सभा की अगली बैठक श्री दिलीप छिब्बर जी के निवास स्थान विंग न. 3, प्रेमनगर में दिनांक 27 मई 2018 को होगी।

अन्त में सभी ने स्वादिष्ठ जलपान का आनन्द लिया तथा श्रीमती प्रवीण बाली जी का धन्यवाद किया।

***जी.पी. शर्मा (लौ),*** *कार्यवाहक प्रधान* ***जे.एस.दत्ता,*** *कार्यवाहक सचिव*
*मो. 7017743516* *मो. 8267948114, 8979777026*

## बराड़ा

मोहयाल सभा बराड़ा की मासिक बैठक दिनाँक 6.05.2018 को मोहयाली प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के बाद सभा के प्रधान स. हरदीप सिंह वैद जी के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। सभा से वित्त सचिव श्री बलदेव सिंह दत्ता जी ने पिछले महिने की कार्यवाही पढ़कर सुनाई, जिसका सभी अनुमोदन किया। सभा में सभी सदस्यों ने अपने–अपने विचार रखे।

**शोक समाचार-** श्रीमती राजदुलारी वैद पत्नी स्वर्गीय श्री बंसीलाल वैद का निधन 6.05.2018 को गाँव सिम्बला में हुआ। सभी सदस्यों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की एवम् परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। उनकी रस्म पगड़ी 16.05.2018 को होगी।

अन्त में सभी सदस्यों ने जलपान के लिए स. हरदीप सिंह वैद परिवार का धन्यवाद किया।

***रविन्द्र छिब्बर,*** *महासचिव*
*मो. 9466213488*

## उत्तमनगर–नई दिल्ली

मई माह की बैठक प्रधान श्री एस.पी. वैद जी के निवास स्थान 'मंसा राम पार्क' में हुई। गत माह के कार्यों की समीक्षा की गई। सभा के सदस्यों को बताया गया कि जीएमएस में भेजे गए ''विधवा फार्म'' में 3 फार्म को हमारी सभा ने निरस्त किया था– उसका कारण सबको अवगत कराया गया।

सबको बड़े दुख के साथ बताया गया कि हमारे वरिष्ठ मोहयाल स्तम्भ श्री चमन लाल दत्ता जी का निधन 10 मई को हो गया। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। भगवान उनके परिवार के सदस्यों को दुःख सहन करने की शक्ति दें। ऊँ शांति।

अगले माह की बैठक संजय बक्शी के घर में रखी जाएगी।

***संजय बक्शी,*** *वरिष्ठ प्रधान, 9811008335*



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# महिला मोहयाल सभा देहरादून



महिला सभा देहरादून की मासिक बैठक 13.05.2018 को प्रधान श्रीमती सविता मेहता जी की अध्यक्षता में श्रीमती स्वर्णा मेहता जी के निवास स्थान पर हुई, जिसमें हम सभी ने माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएँ दीं और खूब मज़े किए इस बार की बैठक और भी खास रही मेहता जी के बेटे और बहू और छोटे मेहता साहब भी उपस्थित रहे, सभी ने खेले और खूब मजे किए।

अंत में सभी ने स्वादिष्ट जलपान का आनंद लिया और श्रीमती स्वर्णा मेहता जी का धन्यवाद किया।

***श्रीमती अर्चना दत्ता,*** *सचिव*
*मो. 8755398813*

# नारायणगढ़

दिनांक 06.05.2018 को दुर्गा कॉलोनी निवास स्थान श्री अमरजीत बाली, मासिक मोहयाल मीटिंग शुरू हुई, जिसमें 27 मोहयाल सदस्यों ने भाग लिया। अध्यक्ष श्री टी.के. बाली ने सभा की प्रधानगी की। मोहयाल प्रार्थना के बाद महासचिव (एस.के. दत्ता) ने पिछली मासिक मीटिंग की कार्यवाही पढ़कर सुनाई तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन हुआ।

**शुभ समाचारः** श्री नारायण कृष्ण बाली व उनकी पत्नी श्रीमती उमा बाली की शादी की 50वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस पर सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी गई। उनके बेटे शिव हरि बाली ने 250 रुपए सभा को भेंट किए।

सभी सदस्यों ने निर्णय लिया है कि मोहयाल सभा नारायणगढ़ के सदस्य अक्टूबर माह में सभी देवियों की यात्रा पर जाएँगे।

इस महीने में मोहयाल सभा नारायणगढ़ के जिन सदस्यों का जन्म–दिन आता हैं उन सबको सभा की तरफ से बधाई दी गई।

**दान राशिः** श्री नारायण कृष्ण बाली ने अपने पोते आयुष्मान बाली पुत्र श्री शिव हरि बाली के जन्मदिन के उपलक्ष में 200 रुपए सभा को दान दिए।

श्री टी.के. बाली ने अपने पोते अनिरुद्ध बाली के जन्म–दिवस पर 200 रुपए सभा को दिए। श्री अमरजीत बाली, श्री पृथ्वी पाल दत्ता और श्रीमती ऊषा दत्ता पत्नी स्व. श्री सोमवीर दत्ता सभी सदस्यों ने 200–200 रुपए दान किए।

श्रीमती नीलम बाली पत्नी श्री टी.के. बाली का ऐक्सिडेंट हो गया था। सभा ने उनके जल्दी ठीक होने की प्रार्थना की।

सभा ने श्री चमनलाल भीमवाल को नारायणगढ़ सभा के प्रतिनिधि जनरल मोहयाल दिल्ली के होंगे।

श्री शिव दर्शन दत्ता पुत्र श्री स्व. श्री लाभ चन्द दत्ता निवासी गाँव काठे माजरा जो के अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर इंजीनियर नियुक्त हैं तथा इनका एक बेटा जो कि एन.डी.ए में भर्ती हुआ है। आजीवन सदस्यता के लिए फार्म और चैक जीएमएस को भेज रहे हैं।

अगली बैठक श्री पृथ्वी पाल दत्ता निवासी मंगलोर के घर पर होगी। सभी सदस्यों से अनुरोध है कि सुबह 10 बजे 3 जून को उनके निवास स्थान पर पहुँचे।

सभा का समापन गायत्री मंत्र द्वारा किया गया। श्री अमरजीत बाली ने सदस्यों के भोजन की व्यवस्था की जिस पर सभी ने उनका धन्यवाद किया। शांति पाठ के साथ सभा समाप्त हुई।

***टी.के. बाली,*** *प्रधान* — *मो. 08221962213*
***एस.के. दत्ता,*** *सचिव* — *मो. 9896126311*

# यमुनापार–दिल्ली

मोहयाल सभा यमुनापार की मई मास की बैठक 6 मई को झील–कुरंजा के भवन में प्रधान श्री सतीश बाली की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें लगभग 18 सदस्यों ने हिस्सा लिया।

सर्वप्रथम मोहयाल प्रार्थना पढ़कर प्रभु को याद किया गया, सेक्रेटरी ने पिछले मास की कार्यवाही को पढ़ा जिसका सभी ने अनुमोदन किया। सभा को सूचित किया गया सभा के 31 मार्च तक के एकाउंटस का ऑडिट श्री एम.एम. वैद जी द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। भवन में बैठकर उन्होंने करीब 3 मीटिंगों में एकाउंटस को देखा है, उन्होंने बताया सभा ने बहुत सलीके से 10 माह कार्य किया है। उन्होंने सभा के कार्यों की प्रशंसा की परन्तु अभी इसमें 'पर्ची–लेखन में सुधार' की आवश्यकता है, सभा भवन के लिए नियमावली बनाने की आवश्यकता है। प्रधान जी ने सूचित किया कि एक दिन पूर्व ही सभा कार्यकारिणी के सदस्यों ने एक मीटिंग की जिसमें उपप्रधान श्री श्याम सुंदर मोहन, सचिव श्री सी.पी. दत्ता, श्री संजीव बाली और स्वंय प्रधान मौजूद थे। जिसके अनुसार सभा भवन प्रबंधक तथा कैशियर के साथ एक और असिस्टेंट को जोड़ा जाए, सभी ने मीटिंग में इसका स्वागत किया और प्रधान जी को उचित चुनाव करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया। सभा के लिए बनाई गयी नियमावली सभा के समक्ष रखी गई जिसका सभी ने समर्थन किया।

प्रधान श्री सतीश बाली जी ने सूचित किया कि यमुनानगर में बनने वाले भवन के लिए सभा जीएमएस को सहयोग देने का प्रयास


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

करेगी सर्वप्रथम उन्हें 31 हजार रुपए का चेक दिया जाएगा तथा भवन–हॉल को भी अगले माह तक वातानुकूलित किया जाएगा। सभी ने हर्ष–ध्वनी से इसका स्वागत किया।

श्री चन्द्र मोहन छिब्बर जो किसी कारणवश 21 जनवरी के मेले में उपस्थित नहीं हो पाए थे आज सभा में उन्हें गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया, साथ ही उन्होंने जानकारी चाही कि क्यूँ ना भवन में एक अतिरिक्त 'घरेलू उपयोग का बिजली मिटर' लगवाया जाए जिससे खर्च में कटोती हो।

बख्शी राजिन्द्र कुमार छिब्बर जी ने अपने पोते विश्वनाथ छिब्बर (सुपुत्र श्रीमती संजू और श्री गोपाल कृषण छिब्बर) जिनकी शादी वैद परिवार में 14 अप्रैल को सम्पन्न हुई। सभा को 250 तथा 250 रुपए जीएमएम को भेंट किए।

प्रधान सतीश बाली जी ने सूचना दी कि श्री इन्दर मोहन मेहता जी अब स्वस्थ होकर अपने ऑफिस आने लगे हैं सभी ने उनके स्वस्थ–जीवन की कामना की, कैशियर अनिल मेहता जी भी काफी समय से बीमार चल रहे हैं जिसका सभी ने संज्ञान लिया और जल्द उनके ठीक होने की कामना की।

श्री सी.पी. दत्ता सेक्रेटरी ने अपनी सुपुत्री रीमा दत्ता कपूर के जन्म–दिन के उपलक्ष्य में सभा जनों का मिठाई से मुँह मीठा करवाया उन्होंने एक सौ एक रुपए सभा को और 101 रु. जीएमएस को भेंट किए। श्री वी.एस. लौ, श्री सतीश बाली प्रधान, श्री दलीप सिंह दत्ता जी और संजीव बाली मुख्य दानकर्ता रहे।

रिश्ते–नातों से सम्बंधित कार्यों, जानकारी और सूचना के लिए श्री गुलशन छिब्बर जी से 9560544726 पर सम्पर्क साध सकते हैं। अंत में सभी ने चाय–पान के उपरान्त प्रधान जी का धन्यवाद किया।

***सतीश बाली,*** *प्रधान* — *मो. 9211741150*

***सी.पी. दत्ता,*** *सह–सचिव* — *मो. 9718628280*

## स्त्री मोहयाल सभा यमुनानगर

सभा की मासिक बैठक श्रीमती अनीता जी के निवास स्थान पर 5. 04.2018 को हुई, मीटिंग की अध्यक्षता श्रीमती कमला दत्ता जी ने की। मीटिंग में सभी बहनों ने भाग लिया। गायत्री मंत्र के साथ मीटिंग शुरू हुई। मीटिंग में श्रीमती कमला दत्ता जी की बहन श्रीमती उषा दत्ता (कनाडा) ने भी भाग लिया। श्रीमती कमला दत्ता ने अपने पोते की शादी पर सभी बहनों को आमंत्रित किया, सभी ने श्रीमती कमला दत्ता को बहुत–बहुत बधाई दी।

**शोक समाचारः** मीटिंग में श्रीमती भगीरथी बाली जी पत्नी स्व. श्री नन्दलाल बाली के देहांत पर दो मिनट का मौन रखा। स्व. श्रीमती भगीरथी बाली पिछले 22 साल से सभा की सदस्य थी। उन्होंने आजीवन स्त्री मोहयाल सभा की सेवा की। स्व. श्री नंदलाल बाली ने भी आजीवन मोहयाल बिरादरी के लिए कार्य किए। श्रीमती भगीरथी बाली का 10.03.2018 को मंदिर में क्रिया और उठाला किया गया। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें। स्त्री मोहयाल सभा को उनकी हमेशा कमी महसूस होगी।

शांति पाठ के साथ सभा समाप्त की गई।

***श्रीमती प्रवीण बाली,*** *सचिव*

## आर्ट लाइफ ने एंटी करप्शन फ्रंट के सहयोग से करवाया जागरुकता कार्यक्रम

जालंधर 4 अप्रैल को आर्ट लाइफ की ओर से एंटी करप्शन फ्रंट के सहयोग से एक जागरुकता कार्यक्रम करवाया गया।



इस अवसर पर डॉ. वरिन्द्र मजीठिया ने अच्छी सेहत हेतु जानकारी दी। डॉ. सतनाम जस्सी ने आर्ट लाइफ के प्रोडक्ट्स के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। उपप्रधान दीपक अग्रवाल, सचिव गोविन्द अग्रवाल, जिला एंटी करप्शन के प्रधान के.के. बाली, बी.के. जिंदल, इन्द्रजीत सिंह मिगलानी, मुकेश खन्ना, जिला मीडिया प्रभारी एस.के. सक्सेना, मोहिन्द्र सिंह आदि ने भी अपने–अपने विचार रखे।

इस दौरान के.के. बाली को सम्मानित भी किया गया व मेडीकल कैंप भी लगाया गया।

## कॉमरेड वज़ीरचंद बक्शी की 23वीं पुण्य-तिथि

कॉमरेड वज़ीर चंद बक्शी जी की 23वीं पुण्यतिथि अलवर शहर में "बक्शी स्मृति संस्थान" एवं बक्शी परिवार की ओर से विचार गोष्ठी के माध्यम से "राज गुप्ता सभागार, अलवर" में आयोजित की गई।

सर्वप्रथम अध्यक्षता कर रहे भूतपूर्व विधायक कॉमरेड रति राम यादव ने बक्शी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात सभी उपस्थित महानुभावों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यादव साहब ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कॉमरेड बक्शी जी का जन्म 01.01.1898 में जिला रावलपिंडी (पाकिस्तान) में हुआ था जो एक स्वतन्त्रता सेनानी थे। जब पुरुषार्थी के रूप में परिवार को लेकर अलवर जिला में बसे तो भी उन्होंने गरीबों के लिए संघर्ष नहीं छोड़ा वो किसान नेता थे, लगभग आठ बार किसानों के लिए संघर्ष करते हुए वो जेल भी गए। अपनी ग्राम पंचायत के वो सरपंच भी चुने गए थे। उनका परिवार उत्तम खेती करने में जिले में अव्वल था, 1982 में दस घन मीटर का गोबर गैस प्लांट लगाया जिसका उद्घाटन तत्कालीन कृषि मंत्री श्रीमती कमला बेनीवाल ने किया था। अंतिम पड़ाव में वो कविताएं लिखते थे जिनका स्थानीय अखबारों में प्रकाशन भी हुआ था।



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

विचार गोष्ठी में लगभग बीस जन संगठनों के प्रबुद्ध लोगों ने शिरकत की। देश की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई, जिसमें बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा बढ़ती गैर बराबरी पर चिंता व्यक्त की गई।

उपस्थित वक्ताओं ने बक्शी संस्थान तथा बक्शी परिवार की सराहना करते हुए कहा कि बहुत कम लोग होते हैं जो अपने बुजुर्गों की याद को ताजा रखते है। मंच संचालन जिला ''एटक'' सचिव तेज पाल सैनी ने किया जबकि धन्यवाद उनके सुपुत्रों रोशन लाल बक्शी व राज कुमार बक्शी ने दिया। डॉ. दलजीत सिंह बाली, विजय कुमार दत्ता, सुनील मेहता, चंद्र मोहन वैद, संजीव कुमार दत्ता, व उनके पोते मुकेश बक्शी व राजीव बक्शी (मोहयाल सभा अलवर, अध्यक्ष) भी शामिल हुए।

''मोहयाल मित्र'' के नवम्बर, दिसम्बर 2015 के अंक में बक्शी जी की कुछ कविताएं प्रकाशित भी की जा चुकी है।

***राज कुमार बाली**, सह–संयोजक स्मृति संस्थान*

## स्वर्गीय श्रीमती शीला बाली की च्वरी (चार सालाना)

दिनांक 14 मई को स्वर्गीय श्रीमती शीला बाली जी (धर्मपत्नी स्व. श्री पी.एल. बाली जी (ऐटाबाद–शेरवान) की ''च्वरी'' के समय पर उनके परिवार ने सेज–दान, पूजा–हवन और ब्रह्म–भोजन को पुत्र उमेश बाली के घर (शालीमार पार्क) में सम्पन्न करवाया। पुत्र श्री उमेश बाली, श्री रविन्द्र बाली, श्री राजेश बाली, श्री नीरज बाली ने सपत्नी, सपरिवार तथा पुत्री इंदु वैद सपति, सपरिवार और घर–परिवार–मित्रों ने इस वेला पर शामिल होकर दिवंगत आत्मा को याद किया और उनकी आत्मा–शांति की प्रार्थना की। अन्य स्थानों पर दान के साथ परिवार ने 500 रुपए मोहयाल सभा यमुनापार को और 500 रुपए जी.एम.एस. को दान दिए। ऊँ शांति!!



## श्री कमलेश मेहता की पुण्य-तिथि

एक मई एक विशेष दिन होता है। इस दिन हम समान करते हैं उन लोगों को जो सिर्फ अपनी मेहनत के बलबूते पर जिन्दगी में अपना मुकाम पाते हैं। एक मेहनत कश इंसान को पहचान होती है उसकी सच्चाई, सादगी, साफगोई कुछ ऐसे ही थे हमारे पिताजी स्व. श्री कमलेश मेहता। एक कर्मयोगी, समाज के प्रति समर्पित, शिक्षा व विचारों से श्रेष्ठ, हृदय से उदार, अमीर नहीं लेकिन रईस।

शिक्षा के प्रति इतना विश्वास कि अपने बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देने के लिए सामर्थ्य से बाहर जा कर व्यवस्था की। सफाई के प्रति इतना प्रेम की खुद स्वयं गंदगी मिटाने के लिए हाथ गंदे करने से कभी गुरेज नहीं किया।



समाज सेवा का वो जुनून की वो जुनून जिन्दगी का मक़सद बन गया। मोहयाल समाज को जोड़ना, रिश्ते करवाना, सुख समृद्धि का ध्यान रखना, सुख में चाहे रह जाएं, पर दुख में सदा खड़े रहने वाले व्यक्ति का नाम है कमलेश मेहता आज जिनकी पुण्य जयंती हैं। इस अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती आशा मेहता ने वृंदावन लंगर में 11000 रुपए दिए। **लंगर तिथि 01 मई**

## हरि शयन बेला (चातुर्मास)

यह आषाढ़ मास की शुक्ल एकादशी (देव शयनी एकादशी) के साथ चार महीनों अर्थात् सावन, भाद्रपद, अश्विन और कार्तिक की शुक्ल एकादशी (जिसे देव उठावनी या देवोत्थान एकादशी कहते हैं) तक एक ही स्थान पर रह कर वहाँ के नागरिकों को अनुभव सहित ज्ञान उपलब्ध करा कर सत्य पर आधारित जीवन जीनें की प्रेरणा देते हैं। सनातन धर्म में यह परम्परा रही हैं। प्राचीनकाल से यह परम्परा रही हैं, जिसे साधु सन्त आज भी करते आ रहे हैं।

इस एकादशी को पदमा एकादशी, पद्मनाभा एकादशी भी कहा जाता है। गृहस्थ में रहने वालों के लिए चतुर्मास नियम इसी दिन से शुरु होता हैं। इस दिन हमारे प्रमुख देवता श्री विष्णु शयन करने चले जाते हैं। इस अवधि में भगवान विष्णु पाताल के राजा बलि के यहां चार मास तक निवास करते हैं। देवोत्थान एकादशी की भगवान अपने लोक को लौट आते हैं। इसी दिन चातुर्मास भी समाप्त हो जाता हैं।

इन चार मासों में कोई भी मंगल कार्य नहीं किए जाते हैं। जैसे– विवाह, नवीन गृह प्रवेश, इत्यादि नहीं किए जाते हैं।

नोटः इस वर्ष देव शयनी एकादशी 23.07.2018 को हैं।

*__विरेन्द्र कुमार छिब्बर,__ ज्योतिष आचार्य*
*EA-94, इन्द्रपुरी, नई दिल्ली– 110012*
*मो. 9818094655*

**मोहयाल मित्र में रचनाएँ भेजने के पश्चात् प्रकाशन के लिए दो माह तक प्रतिक्षा करें। इसके पश्चात् ही कार्यालय से संपर्क करें। कृपया समस्त रचनाएँ-रिपोर्ट साफ-साफ लिखें जिन्हें पढ़ा जा सके। पोस्ट कार्ड या छोटे-छोटे कागज के टुकड़ों पर लिखकर रचनाएँ न भेजें। ई-मेल से भेजी रचनाएँ और रिपोर्ट साफ-साफ लिख कर भेजें। नहीं तो छप नहीं पाएगी।**


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor